<u>वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिला पी.जी. महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन</u>

वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिला पी.जी. महाविद्यालय में दो दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी, क्रॉफ्ट डमोस्ट्रेशन, पेंटिंग, कार्यशाला का आयोजन किया गया। वस्त्र मंत्रालय से पधारे कार्यक्रम संयोजक श्रीमान् किरण जी ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रदर्शनी एवम् कार्यशाला में महाविद्यालय की गृह विज्ञान की छात्राओं को कसीदा पेंचवर्क, लंदर एम्ब्रॉडरी, टेराकोटा, आर्टीफिशियल ज्वैलरी इत्यादी विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्यापन दिया गया।

प्रथम दिन दिनांक 06.02.2023 को उद्‌घाटन सत्र में जोधपुर मशहूर निर्यातम राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित श्री अशोक जी चौहान ने छात्राओं को कला सीखने के साथ इसे देश विदेश में निर्यात करने के विषय पर प्रकाश डाला। उनहोने कहा कि इस कला को हमे पूरे विश्व मे विख्यात करना है।ये तभी संभव है जब आज की युवा पीढ़ी आगे आये। दूसरे दिन दिनांक 07.02.2023 को कार्यशाला में विभिन्न कलाओं को सिखाया गया, जिसमें समापन सत्र में छात्राओं द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगायी गयी। महाविद्यालय की प्राचार्यडॉ मनोरमा उपाध्याय ने सभी आयोजकों को धन्यवाद दिया। साथ ही संस्थान अध्यक्ष प्रो. एस.पी. व्यास जी ने समय समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजित करने का आग्रह किया। गृह विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ. प्रतिभा बोहरा और डॉ. गीतिका कच्छवाहा के निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग की सभी छात्राओं ने इस प्रदर्शनी में सहयोग किया।

SH. GOPAL PRAJAPAT
TERRACOTTA CRAFT